**Roll No.----------------------**

| Paper Code | | |
|---|---|---|
| 0 | 0 | 9 |

(To be filled in the OMR Sheet)

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
**Question Booklet No.**

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | | | |

प्रश्नपुस्तिका सीरीज
**Question Booklet Series**
**D**

# बी०ए० (भाग–3) परीक्षा–2022

## (0207)

## हिन्दी साहित्य

## प्रश्नपत्र–(द्वितीय)

**(Hindi Nibandh Tatha Anya Gadya Vidhyain)**
**(New Course)**

**समय : 2:00 घण्टा** **पूर्णांक–50**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सीरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से सभी 100 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

**009**

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के व्यक्तित्व पर प्रभाव पड़ा –

(A) पांडित्यपूर्ण आनुवेशिक परम्परा

(B) काशी का सांस्कृतिक परिवेश

(C) कवीन्द्र रवीन्द्र का सानिध्य

(D) उक्त सभी

2. हजारी प्रसाद द्विवेदी जी की मूल दृष्टि है –

(A) व्यक्तिवादी

(B) मानवतावादी

(C) साम्यवादी

(D) इनमें से कोई नहीं

3. हजारी प्रसाद द्विवेदी किसके प्रतिष्ठापक आचार्य हैं ?

(A) तुलसी के

(B) कबीर के

(C) रहीम के

(D) इनमें से कोई नहीं

4. प्रतिबन्ध हम में कहाँ होना चाहिये ?

(A) अन्तःकरण में

(B) बाह्यशरीर में

(C) (A) और (B) दोनों में

(D) इनमें से कोई नहीं

5. 'लज्जा एक प्रकार की दुःख की अनुभूति ही है– यह कथन किसका है ?

(A) आचार्य शुक्ल

(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) शान्तिप्रिय द्विवेदी

(D) इनमें से कोई नहीं

6. संकोच किस आशंका के कारण होता है ?

(A) अप्रिय लगने के कारण

(B) बेढंगा लगने की सम्भावना के कारण

(C) उसमें हमारी धृष्टता प्रकट होने की सम्भावना के कारण

(D) उपरोक्त सभी

7. लज्जा का हल्का रूप क्या है ?

(A) संकोच

(B) अपमान

(C) गलती

(D) दृढ़ता

8. आचार्य शुक्ल ने कितने मनोविकार माने हैं ?

(A) तीन

(B) दो

(C) चार

(D) पाँच

9. 'तात जाय जनि करहु ग्लानि' ईस अधीन जीवन गति जानी' यह पंक्ति रामचन्द्र शुक्ल के किस निबन्ध की है ?

(A) श्रद्धा–भक्ति

(B) क्रोध

(C) ईर्ष्या

(D) लज्जा और ग्लानि

10. 'ग्लानि' किसकी शुद्धि का एक विधान है ?

(A) अन्तःकरण

(B) बहिःकरण

(C) आत्मा का

(D) उक्त सभी

11. 'सुनत–जनक आगमन सब हरखेऊ अवध समाज' यह पंक्ति आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के किस निबन्ध की है:

(A) श्रद्धा–भक्ति

(B) करूणा

(C) लज्जा और ग्लानि

(D) घृणा

12. महाकवि 'सूरदास' किसकी रचना है ?

(A) आचार्य नन्ददुलारे बाजपेयी

(B) डॉ० राम विलास शर्मा

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) विष्णु प्रभाकर

13. वन से लौटने पर जब राम कैकेयी से मिलने गये तो उसे क्या आयी ?

(A) ग्लानि

(B) पीड़ा

(C) लज्जा

(D) इनमें से कोई नहीं

14. अपनी बुराई, मूर्खता, तुच्छता इत्यादि का एकान्त अनुभव पर वृतियों में जो शैथिल्य आता है उसे क्या कहते हैं ?

(A) भक्ति

(B) प्रेम

(C) ग्लानि

(D) श्रद्धा

15. 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' ग्रन्थ के रचयिता हैं–

(A) श्यामसुन्दर दास

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) सूरदास

(D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

16. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल जी की पहली कविता है –

(A) भारत और बसन्त

(B) मनोहरछठा

(C) भारतेन्दु जयन्ती

(D) इनमें से कोई नहीं

17. जीवन पर्यन्त शुक्ल जी का पथ–प्रदर्शन कौन करता रहा ?

(A) प्रेमधन जी

(B) आचार्य विनोबा

(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) इनमें से कोई नहीं

18. आचार्य शुक्ल कैसे बालक थे ?

(A) दसमासा

(B) नौमासा

(C) अष्टमासा

(D) सतमासा

19. हिन्दी साहित्य जगत् में आलोचना का सम्राट किसे कहा जाता है ?

(A) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) डॉ० राम विलास शर्मा

20. आचार्य शुक्ल ने किस शैली का प्रयोग अपने निबन्धों में किया है ?

(A) विश्लेषणात्मक

(B) व्यंग्यात्मक

(C) समीक्षात्मक

(D) ये सभी

21. 'लज्जा और ग्लानि' किस विधा की रचना है ?

(A) निबन्ध

(B) नाटक

(C) उपन्यास

(D) ये सभी

22. प्रेम से जीवन को क्या प्राप्त होता है ?

(A) अलौकिक सौंदर्य

(B) लौकिक सौंदर्य

(C) वास्तु विशेष

(D) परगम्य अनुभव

23. 'और कहूँ सुनि एक दिना हियरालगि मेरे तू सौई रही' यह पंक्ति किस निबन्ध से है ?

(A) मेघदूत

(B) कवि और कविता

(C) प्रतिभा

(D) आत्मनिवेदन

24. कौन यक्ष का संदेश प्रसन्नतापूर्वक पहुँचाने को तैयार हो जाता है ?

(A) मेघ

(B) पवन

(C) दूत

(D) नृत्य

25. कौन कारूणिक अलाप करता है ?

(A) मनुष्य

(B) मेघ

(C) यक्ष

(D) हनुमान

26. सर्वप्रथम कल्पना का वर्णन किस कवि ने किया ?

(A) कालिदास

(B) सूरदास

(C) हरिओम

(D) ये सभी

27. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कालिदास के 'मेघदूत' की तुलना किससे की ?

(A) ताजमहल से

(B) लालकिला से

(C) मस्तानी महल

(D) ये सभी

28. 'मेघदूत' में कार्तिकेय का वाहन है –

(A) मयूर

(B) हंस

(C) गरूड़

(D) जटायु

29. 'मेघदूत' काव्य में कौन से गुण की प्रधानता है ?

(A) प्रसाद गुण

(B) ओज गुण

(C) माधुर्य गुण

(D) ये सभी

30. यक्ष ने अपनी वार्ता को किसके पास पहुँचानी चाही?

(A) पत्नी

(B) संदेश की

(C) पक्षियों के

(D) उक्त सभी

31. 'अलकाधिपति' कौन था?

(A) कुबेर

(B) यक्ष

(C) बादल

(D) हंस

32. 'यक्ष' ने मेघ की कल्पना किससे की?

(A) नौकर की

(B) सन्देश की

(C) दूत की

(D) सूचना की

33. 'मेघदूत' किसकी मौलिक कृति है?

(A) कालिदास

(B) बाणभट्ट

(C) भारवि

(D) दण्डी

34. आचार्य महावीर प्रसाद को किन–किन भाषाओं का ज्ञान प्राप्त थाः

(A) हिन्दी

(B) संस्कृत

(C) गुजराती/मराठी

(D) ये सभी

35. महावीर प्रसाद द्विवेदी जी के बचपन का क्या नाम था?

(A) महावीर सहाय

(B) सत्य सहाय

(C) महादेव बाबा

(D) इनमें से कोई नहीं

36. 'मेघदूत' नामक निबन्ध किसका है?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) बालकृष्ण

(C) विवेकी राय

(D) इनमें से कोई नहीं

37. 'स्मृति की रेखायें' किसका प्रसिद्ध रेखाचित्र है?

(A) विष्णु प्रभाकर

(B) देवेन्द्र सत्यार्थी

(C) विनय मोहन शर्मा

(D) महादेवी वर्मा

38. हिन्दी के प्रथम संस्मरणकार है –

(A) श्री राम शर्मा

(B) पद्मसिंह शर्मा

(C) महादेवी वर्मा

(D) राम नरेश त्रिपाठी

39. अंग्रेजी का 'स्कैच' शब्द किस शब्द का रूपान्तर है?

(A) रेखाचित्र

(B) संस्मरण

(C) निबन्ध

(D) आत्मकथा

40. द्विवेदी युग के निबन्धों की विशेषतायें हैं –

(A) राष्ट्रीय जाग्रति

(B) विश्वप्रेम

(C) अतीत गौरव एवं सांस्कृतिक पुनरूत्थान

(D) ये सभी

41. हिन्दी निबन्ध की विकास यात्रा के प्रारम्भिक चरण को कहा जाता है–

(A) प्रारम्भिक काल

(B) भारतेन्दु युग

(C) द्विवेदी युग

(D) शुक्ल युग

42. रिपोर्ताज' किस भाषा का शब्द है?

(A) अंग्रेजी

(B) उर्दू

(C) स्पेनी

(D) फ्रांसीसी

43. 'निबन्ध' के विकास को कितने कालों में बाँटा गया हैं?

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

44. निम्नलिखित में कौन सी विधा नव–गद्य विधाओं में सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं विधा है?

(A) रिपोर्ताज

(B) रेखाचित्र

(C) पत्र–साहित्य

(D) निबन्ध

45. 'हिन्दी गद्य की विधाओं का वर्गीकरण कितनी श्रेणियों में किया गया हैं?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

46. 'साहित्य जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिम्ब है' इस पंक्ति के लेखक हैं –

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) गुलाब राय

(C) रामचन्द्र शुक्ल

(D) प्रेमचन्द्र

47. विद्वानों की सर्वसम्मति से हिन्दी निबन्धों का जनक किसे माना जाता है?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(D) उक्त सभी

48. 'निबन्ध' के विशेष लक्षण हैं –

(A) आत्मनिष्ठता, सरलता

(B) स्वच्छन्दता

(C) आडम्बरहीनता

(D) उक्त सभी

49. 'यदि गद्य कवियों और लेखकों की कसौटी है तो निबन्ध गद्य की कसौटी है'। यह कथन किस निबंधकार का है?

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) बद्री नारायण चौधरी

(D) राम चन्द्र शुक्ल

50. 'निबन्ध' के लिये अंग्रेजी में प्रयुक्त शब्द है –

(A) आर्टिकल

(B) नॉवेल

(C) एस्से

(D) इनमें से कोई नहीं

51. 'जगदीश चन्दमाथुर' मुख्यतः हैं–

(A) नाटककार

(B) उपन्यासकार

(C) निबन्धकार

(D) एकांकीकार

52. 'जगदीश चन्द्रमाथुर' की, किस एकांकी में मध्यवर्गीय युवकों के खोखली नैतिकता का चित्रण है ?

(A) खिड़की की राह

(B) खण्डहर

(C) मकड़ी का जाला

(D) ओ मेरे सपने

53. 'गबन और गोदान' का नाट्य रूपान्तरण किसने किया था ?

(A) रामधारी सिंह दिनकर

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) विष्णु प्रभाकर

(D) अमृतलाल नागर

54. 'अपनी–अपनी हैसियत किस भाषा की रचना है ?

(A) एकांकी

(B) व्यंग्य

(C) कहानी

(D) यात्रावृतान्त

55. 'श्रीकान्त वर्मा' ने आधुनिक परिवेश में अपनी कहानियों में किसका चित्रण किया ?

(A) निम्न मध्यवर्गीय तथा बोध

(B) सामाजिक उतार चढ़ाव

(C) शोषक एवं शोषित वर्ग

(D) इनमें से कोई नहीं

56. 'श्रीकान्त वर्मा' की किन कृतियों में व्यंग्य है ?

(A) भटका मेघ

(B) मयादर्पण

(C) मगध

(D) उक्त सभी

57. 'विष्णुकान्त शास्त्री' ने अपनी किस कृति में 'अटल बिहारी बाजपेयी' की चुनी हुयी कविताओं का संग्रह किया ?

(A) संस्कृति और साहित्य

(B) अमर आग

(C) अनुचिन्तन

(D) चिन्तनमुद्रा

58. 'गुप्त जी ' मूलतः किससे हिन्दी में आये थे ?

(A) उर्दू से

(B) अंग्रेजी से

(C) फारसी से

(D) संस्कृत से

59. 'गुप्त जी' की भाषा है –

(A) बहुत चलती

(B) सजीव

(C) विनोदपूर्ण

(D) उक्त सभी

60. 'परसाई' जी की लेखन की शैलियाँ थी –

(A) व्यंग्यात्मक

(B) वर्णनात्मक

(C) भावात्मक

(D) उक्त सभी

61. किसके रूप में परसाई जी की आत्मस्वीकृति है और वह कॉलम प्रतिदिन पढ़ा जाने वाला होता है –

(A) कॉलम प्रूफ

(B) कॉलम राइटर

(C) (A) और (B) दोनों

(D) कोई नहीं

62. 'विष्णु प्रभाकर' का मानवतावादी दृष्टिकोण आधारित है –

(A) आदर्श पर

(B) कल्पना पर

(C) यथार्थ पर

(D) उक्त सभी पर

63. 'साबरमती का संत' किसे कहा जाता है ?

(A) महात्मा गाँधी

(B) टैगोर

(C) हजारी प्रसाद

(D) सरदार पटेल

64. 'मेरे पिता' की विधा क्या है ?

(A) रेखाचित्र

(B) संस्मरण

(C) नाटक

(D) निबन्ध

65. नीहार, रश्मि, नीरजा एवं सांध्यगीत के गीतों का किसमें संकलन हुआ है ?

(A) यामा

(B) दीपशिखा

(C) नीरजा

(D) इनमें से कोई नहीं

66. महादेवी वर्मा का गद्य साहित्य क्यों बहुमूल्य है ?

(A) वैचारिक उपलब्धि के कारण

(B) वैचारिक शून्यता के कारण

(C) परस्पर समानता के कारण

(D) विचार वैषम्य के कारण

67. 'भक्तिन' कितनी पुत्रियों की माँ है –

(A) चार

(B) तीन

(C) सात

(D) पाँच

68. 'भक्तिन' का वास्तविक नाम था –

(A) लक्ष्मी

(B) लछमिन

(C) (A) और (B)दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

69. 'भक्तिन' है –

(A) रेखाचित्र

(B) निबन्ध

(C) संस्मरण

(D) यात्रा वृतान्त

70. महादेवी वर्मा की भाषा है –

(A) काव्यात्मक

(B) रागात्मक

(C) भावात्मक

(D) उक्त तीनों का मिश्रण

71. इनको किस कृति पर 'सेक्सेरिया' पुरस्कार मिला ?

(A) यामा

(B) रश्मि

(C) नीरजा

(D) क्षण्दा

72. सौंदर्य की वस्तुगत सत्ता स्वयं वस्तुओं में है, जिनके गुण पहचानकर हम उन्हें किसकी संज्ञा देते हैं ?

(A) सुन्दर की

(B) असुन्दर की

(C) गुण की

(D) प्रयोग की

73. विष्णुकान्त शास्त्री जी का चिन्तन दर्शन है –

(A) बुद्धि और कर्म

(B) ज्ञान और कर्म

(C) धर्म और समाज

(D) ज्ञान और अज्ञान

74. मिश्र जी के ललित निबन्धों की विशेषता है –

(A) जीवन दर्शन की व्याख्या

(B) संस्कृति का चित्रण

(C) परम्परा और प्रकृति के अनुपम सौंदर्य का चित्रण

(D) उपरोक्त सभी

75. श्रीकान्त वर्मा जी की रचना का कार्यक्षेत्र क्या–क्या है ?

(A) कविता

(B) कहानी

(C) उपन्यासकार

(D) ये सभी

76. साहित्य का सौंदर्य किसके उपयोग केलियेहै ?

(A) मनुष्य

(B) जीव

(C) कृषि

(D) विद्वान्

77. कवि चन्दन से क्या तात्पर्य लगाता है ?

(A) निस्वार्थ भावना

(B) मन की पवित्रता

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

78. 'साहित्य मानव जीवन के लिये –

(A) खेल

(B) आवश्यक कार्यवाही

(C) स्रोत

(D) उक्त सभी

79. सौंदर्य की कसौटी क्या है ?

(A) मनुष्य का व्यवहार

(B) अच्छा भोजन

(C) अच्छी पढाई

(D) अच्छा पोशाक

80. किसको शाश्वत् सौंदर्य का प्रतीक माना है ?

(A) वस्तुओं को

(B) मानव को

(C) जीवन को

(D) उक्त सभी

81. 'सौंदर्य का मोक्ष जनता है।' किसने माना ?

(A) राम विलास शर्मा

(B) विश्वनाथ त्रिपाठी

(C) दिनकर

(D) कोई नहीं

82. 'सौंदर्य उपयोगिता तो विरोधी वस्तुएँ मालूम होती हैं' किसका कथन है ?

(A) राम विलास शर्मा

(B) डॉ० नगेन्द्र

(C) दिनकर

(D) विश्वनाथ तिवारी

83. रामविलास शर्मा कैसे विचारक थे ?

(A) मार्क्सवादी

(B) समाजवादी

(C) अनुरागवादी

(D) इनमें से काई नहीं

84. मानव मूल्य के साथ–साथ राष्ट्रीयता अपराजेय आस्था किसके निबंधों में मिलती है ?

(A) कुबेरनाथ राय

(B) विद्यानिवास मिश्र

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

85. विद्यानिवास मिश्र के लेखन में शास्त्र सम्पदा और लोक संस्कृति एवं लोकाचार आदि का सहज स्वाभाविक सम्मेलन हो गया है – यह कथन किसका है ?

(A) डॉ० जयचन्द्र राय

(B) डॉ० नगेन्द्र

(C) श्याम सुन्दर दास

(D) राम विलास शर्मा

86. 'चंदन' हमें क्या प्रेरणा देता है ?

(A) जीवन को सुगन्धित बनाने की

(B) जीवन को पारमार्थिक बनाने की

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

87. 'तुम चन्दन हम पानी' पंक्तियाँ मौलिक रूप से किसकी हैं ?

(A) रैदास

(B) कबीरदास

(C) तुसलीदास

(D) विद्यानिवास मिश्र

88. डॉ० विद्यानिवास मिश्र मुख्यतः हैं –

(A) ललित निबन्धकार

(B) काव्य आलोचक

(C) समालोचक

(D) व्यंगकार

89. किसका काव्य सम्पूर्ण रहस्यवादी था ?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) आचार्य नन्ददुलारे बाजपेयी

(C) महादेवी वर्मा

(D) ये सभी

90. आचार्य नन्ददुलारे बाजपेयी किसके प्रवर्तक थे ?

(A) हास्यवाद

(B) छायावाद

(C) प्रगतिवाद

(D) मनोवैज्ञानिकतावाद

91. 'नन्द दुलारे बाजपेयी' 'छायावाद' को किससे जोड़ते हैं ?

(A) प्रकृति चेतन सत्ता से

(B) मानव से

(C) गतिशीलता से

(D) काव्यात्मकता से

92. अष्टाध्यायी किसकी रचना है ?

(A) महर्षि व्यास

(B) पाणिनी

(C) मम्मट

(D) दण्डी

93. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कुटज के माध्यम से कैसा संदेश देते हैं ?

(A) मनुष्य में निर्भीकता का

(B) कठोर दिनचर्या का

(C) परोपकार की भावना

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

94. वायुमण्डल को चूसकर झंझातूफानों को रगड़कर अपना क्या वसूल हो ?

(A) प्राप्य

(B) दाम

(C) नकदी

(D) शक्ति

95. 'जीवनी शक्ति' का प्रेरणा कौन है ?

(A) जीवन शक्ति

(B) प्राण शक्ति

(C) मानव शक्ति

(D) इनमें से कोई नहीं

96. 'कुटज' हजारी प्रसाद द्विवेदी का कैसा निबन्ध है ?

(A) ललित

(B) विवरणात्मक

(C) गवेषणात्मक

(D) कोई नहीं

97. 'कुटज' हजारी प्रसाद का क्या है

(A) एक चालाक कौआ जैसा

(B) मेघ

(C) पर्वतों पर पाया जाने वाला वृक्ष

(D) ये सभी

98. 'कुटज' द्विवेदी जी के लिये किसका प्रतीक है ?

(A) पराजय का

(B) अपराजय जीवन शाक्ति का

(C) अविरलधारा का

(D) ये सभी

99. भाषा की प्रथम अनिवार्यता क्या है ?

(A) भावानुरूपता

(B) भावातिरेक

(C) दूरन्त

(D) वे सभी

100. आधुनिक युग में व्यक्तिव्यंजक ललित निबन्धों के प्रस्तावक तथा पुरोधा आचार्य हैं –

(A) आचार्य शुक्ल

(B) आचार्य महावीर प्रसाद

(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) डॉ० नामवर सिंह

******

## Rough Work / रफ कार्य

**DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which All 100 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet (O.M.R ANSWER SHEET) completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET).**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET)** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.